एक नजर में

## विकास की परिभाषा पर पुनर्विचार करना होगा



**इंदौर.** जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट में 34 वे वार्षिक पर्यावरण संवाद सप्ताह के दूसरे दिन संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2026 को सारे विश्व को पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक क्लाइमेट एक्शन सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर, प्रेरणादायी विचारों, अनुभवों और उत्साह भरा सादगीपूर्ण संवाद हुआ. इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ. डॉ. भरत रावत, जनक पलटा मगिलिगन, वन विभाग की इंदौर रेंज अधिकारी संगीता ठाकुर एवं अन्य वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, सस्टेनेबल जीवनशैली और सामाजिक परिवर्तन पर अपने विचार साझा किए. स्वागत उद्बोधन में पद्मश्री डॉ. जनक पलटा मगिलिगन ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के उद्देश्यों और उसकी स्थापना की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला. मुख्य अतिथि डॉ. भारत रावत ने कहा कि हमें यह सोचना होगा कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसी पृथ्वी छोड़कर जा रहे हैं. उन्होंने अत्यधिक उपभोग और दिखावटी उत्सवों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विकास की परिभाषा पर पुनर्विचार करना होगा.

## मेघदूत में नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न




**इंदौर.** फिटनेस एक्सपर्ट धीरज कौशल सर को ऐरोबिक्स में महारथ हासिल है और उन्होंने अपनी उम्र को पीछे छोड़ कर सभी में जबरदस्त जोश भरने का कार्य किया. ये बात आज एमएचडब्ल्यू फाउंडेशन संचालित एरोबिक्स क्लब मेघदूत द्वारा मेघदूत उपवन में आयोजित 5 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में इंदौर दिगंबर सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद गोधा ने कही. शिविरार्थियों को धीरज कौशल सर ने नए स्टेप्स सिखाए और उनमें जोश भर दिया. ये जानकारी देते हुए एरोबिक्स क्लब मेघदूत के मुख्य प्रशिक्षक जितेंद्र मेश्राम और कोषाध्यक्ष राजिंदर भाटिया ने बताया कि आज समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी और दिगम्बर जैन सामाजिक संसद के अध्यक्ष आंनद गोधा थे. विशेष अतिथि मीडिया प्रभारी प्रवीण जैन थे. श्री गोधा ने शिविरार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए. इस अवसर पर धीरज कौशल के साथ आई टीम को भी सम्मानित किया गया. धीरज कौशल का स्वागत एडमिन माया मेश्राम – आशा कोष्ठा ने किया. इस अवसर पर ट्रेनर नंदना पाल, मिष्टी चटर्जी, अंजलि राय विभा चंदेल, पूर्णिमा पाल, स्मिता ग्लांडे, प्रेमलता, पोरवाल, मीना गर्ग, मधु गौर, उत्तरा कोटियाल, सविता अग्रवाल, आशीष पुंडलिक, उज्वल शैंडे सविता शेंडे, पंढरी नायक, संतोष श्रीवास, राकेश गुप्ता, ओमप्रकाश पाल, विजय गार्गव, शरद साकल्ले, मनीष पाल, मनीष शर्मा, संजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिविरार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. ऐरोबिक्स क्लब मेघदूत एम एच डब्ल्यू फाउंडेशन द्वारा पिछले 14 वर्षों से निरंतर ऐरोबिक्स थेरेपी सिखाई जा रही है, जिसका लाभ बड़ी संख्या में लोगों को मिल रहा है. संचालन जितेंद्र जायसवाल ने किया. आभार डीएसपी शैलजा सिंह भदौरिया ने व्यक्त किया.

## समयसार के सूत्रों का सरल विवेचन प्रस्तुत किया

**इंदौर.** सन् 1969 से आध्यात्मिक सत्पुरुष श्री कानजीस्वामी के प्रभावनायोग में पण्डित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट, जयपुर द्वारा संचालित श्री वीतराग-विज्ञान आध्यात्मिक शिक्षण-प्रशिक्षण शिविरों की गौरवशाली श्रृंखला का 58वाँ शिविर ढाईद्वीप जिनायतन, इंदौर में आयोजित किया जा रहा है। 17 मई से प्रारम्भ हुआ यह 18 दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव 3 जून तक चलेगा, जिसमें देशभर से आए सैकड़ों साधर्मीजन एवं 100 से अधिक जैनदर्शन के अधिकारी विद्वान सहभागिता कर रहे हैं. शिविर में प्रतिदिन प्रात:काल से रात्रि तक ज्ञानगंगा निरन्तर प्रवाहित हो रही है। प्रवीण जैन ने बताया कि आज के मुख्य कार्यक्रम में आध्यात्मिकसत्पुरुष श्रीकानजीस्वामी के समयसार विषयक अमृतमय प्रवचन का श्रवण कराया गया. प्रवचन में आत्मा की स्वतंत्र सत्ता, जीव-अजीव का भेद तथा द्रव्य-पर्याय के गूढ़ रहस्यों का अत्यन्त प्रभावशाली निरूपण हुआ. उपस्थित साधकगण गहन तत्त्वचिन्तन में निमग्न होकर आत्मस्वरूप की अनुभूति की दिशा में प्रेरित हुए. तत्पश्चात पण्डित बिपिन शास्त्री, मुम्बई ने समयसार के सूत्रों का अत्यन्त सरल, तार्किक एवं मार्मिक विवेचन प्रस्तुत किया. उन्होंने कहा कि द्रव्य का परिचय पर्याय में होता है, किन्तु द्रव्य पर्याय में नहीं होता. आत्मा अपने ज्ञान-दर्शनादि परिणामों से जानी जाती है, परन्तु उसका वास्तविक स्वरूप उन परिणामों से परे शुद्ध चैतन्य द्रव्य है. उन्होंने स्पष्ट किया कि जीव किसी का कार्य नहीं है, किसी से उत्पन्न नहीं हुआ है और न ही किसी अन्य पदार्थ का कर्ता है. आत्मा की इस स्वतंत्र सत्ता को समझना ही सम्यग्दर्शन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है.



## अग्रसेन तीर्थ न्यास 12 गोशालाओं में करेगा सेवा कार्य



**इंदौर.** महाराजा अग्रसेन तीर्थ न्यास की ओर से गोसेवा के क्षेत्र में एक अभिनव संकल्प किया गया है। संस्था के मार्गदर्शन किशोर गोयल एवं संस्थापक केके गोयल ने बताया कि न्यास द्वारा स्कीम 74 में गोसेवा के दौरान यह संकल्प किया गया है कि न्यास की ओर से वर्ष के 12 माह में शहर की 12 गोशालाओं में पहुंचकर प्रतिमाह गोसेवा भी की जाएगी और अपने आसपास के जरुरतमन्द बच्चों को नया शिक्षा सत्र शुरू होने पर उनकी स्कूली कॉपी-किताबे भी भेंट की जाएगी. ये दोनों सेवा कार्य प्रतिमाह संचालित होंगे। इस मौके पर विकास जिंदल, नीतेश बंसल, नीरज गोयल, पवन अग्रवाल तथा मातृशक्ति की ओर से प्रीति जैन, रुपाली अग्रवाल, शकुंतला सिंघल, उर्मिला गर्ग, अनुजा अग्रवाल, प्रतिभा शर्मा, सरोज त्रिपाठी एवं शांति शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे.

## विद्याधाम पर सात दिवसीय श्रीराम कथा आज से

**इंदौर.** आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के मातृशक्ति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सोमवार 1 जून से विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर आचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है. न्यास के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा एवं मातृशक्ति प्रकोष्ठ की ओर से मुख्य यजमान श्रीमती पुष्पा-अशोक शर्मा, साधना शर्मा, भारती शर्मा, पिंकी शर्मा ने बताया कि विद्याधाम परिसर में श्रीराम कथा का यह दिव्य आयोजन 7 जून तक प्रतिदिन शाम 3.30 से 7.30 बजे तक चलेगा. इस दौरान 3 जून को पुरुषोत्तम मास की चतुर्थी का व्रत करने वाली 61 माताओं के व्रत का सामूहिक उद्यापन भी होगा। कथा का शुभारंभ सोमवार को दोपहर 3 बजे विद्याधाम परिसर में शोभायात्रा के साथ होगा. भागवताचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री नेपाल सहित देश के चारों धाम पर भागवत कथा का दिव्य अनुष्ठान कर चुके है. चतुर्थी उद्यापन का आयोजन विद्याधाम परिसर में ही 3 जून को होगा, जिसमें 61 व्रतधारी महिलाएं शामिल होंगी जिनके लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं.



# प्रशिक्षण में जो सीखा है उसे धरातल पर उतारकर भाजपा को मजबूत करने का काम करें : मुख्यमंत्री

▶ भाजपा इंदौर नगर व इंदौर ग्रामीण के जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन




**इंदौर. रविवार को भाजपा इंदौर नगर के जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, वरिष्ठ नेता नारायण केसरी, श्री कृष्णमुरारी मोघे, सांसद संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जिला प्रभारी राजेश सोलंकी, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मालिनी गौड, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, उषा ठाकुर, सुदर्शन गुप्ता, राहुल कोठारी, डॉ निशांत खरे, प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे की उपस्थिति में हुआ।**

इंदौर नगर और ग्रामीण के समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि हमारे दल की विशेषता है कि हर कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण होता है, चाहे मंत्री हो, मुख्यमंत्री हो, सांसद हो या विधायक, प्रत्येक कार्यकर्ता वर्ग में आकर सीखता है, वर्ग में आकर सब एक हो जाते हैं इसलिए मैं भी उज्जैन के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुआ और रात्री विश्राम कार्यकर्ताओं के साथ किया. उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी कार्यकर्ताओं को जो काम देती है, कार्यकर्ताओं उसे पूरे मनोभाव से पूरा करते हैं. कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के लिया सबसे आदर्श उदाहरण हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं के लिए आदर्श उदाहरण पेश किया, उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर नितिन नबीन को अपना बॉस बताया, यह कार्यकर्ता भाव से संगठन कार्य करने का उत्कृष्ट उदाहरण है. कार्यकर्ताओं को इसी मूलमंत्र के साथ सामाजिक जीवन में काम करने की प्रेरणा प्रशिक्षण से ही मिलती है. हमारा कार्यकर्ता विचार को लेकर कार्य करता है. राष्ट्रहित, राष्ट्र प्रथम का भाव लेकर संगठन का ध्वज लेकर निकल पड़ता है, इसलिए हमने जो प्रशिक्षण में सीखा है, उसे धरातल पर उतारने का काम कर भाजपा को मजबूत करने का काम करे, भाजपा मजबूत होगी तो भारत मजबूत होगा. इस अवसर पर वरिष्ठ नेता बाबुसिंह रघुवंशी, सूरज केरो, हरिनारायण यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, वर्ग संभाग सह प्रभारी अशोक अधिकारी, प्रशिक्षण वर्ग जिला प्रभारी रवि रावलिया, प्रशिक्षण वर्ग जिला संयोजक सुधीर कोल्हे, आलोक दुबे, दीपेन्द्र सिंह सोलंकी, सचिन बंसल, वरुण पाल, नितिन शर्मा, रितेश शर्मा, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राष्ट्र चेतना को जाग्रत करने का काम करें

राजनीतिक एवं सामाजिक विषय पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा देश के सामने आन्तरिक और बाह्य चुनौतियां है. देश की बाह्य चुनौतियों से निपटने के लिए हमारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार एवं सेना सक्षम है, लेकिन आन्तरिक चुनौतियाँ से निपटने में कार्यकर्ताओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका है. विदेशी ताकतें भारत को महाशक्ति बनने से रोकना चाहती है, इसलिए कार्यकर्ता उन मुद्दों को समझ कर ऐसी हरकतों को पहचान कर लोगों को जागरूक करने और राष्ट्र चेतना को जाग्रत करने का काम करे. सत्र की अध्यक्षता प्रताप करोसिया ने की.

दसवें सत्र में कार्यकर्ता संभाल, विकास एवं अपेक्षाएं विषय पर विधायक उषा ठाकुर ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र दल हैं जो कार्यकर्ता आधारित दल हैं. कार्यकर्ता वैचारिक रूप से दृढ़ हो, इसलिए प्रशिक्षण आवश्यक है. सत्र की अध्यक्षता विधायक मालिनी गौड ने किया. ग्यारहवें सत्र में विचार परिवार विषय पर संबोधित करते हुए भाजपा जिला प्रभारी राजेश सोलंकी ने कहा भाजपा सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी संगठन है. उसी भाव के अनुरूप हमें अपने अपने बूथों पर विचार परिवार के सदस्यों से सम्पर्क करते हुए संगठन का विस्तार करे. सत्र की अध्यक्षता विधायक रमेश मेंदोला ने की. वर्ग की प्रस्तावना प्रशिक्षण वर्ग के जिला प्रशिक्षण प्रभारी रवि रावलिया ने दी.

## 3.60 लाख के 13 गुम मोबाइल तलाशकर मालिकों को लौटाए



**इंदौर. भंवरकुआ पुलिस ने गुम मोबाइल तलाशने में बड़ी सफलता हासिल करते हुए करीब 3 लाख 60 हजार रुपए कीमत के 13 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को लौटाए हैं. लंबे समय से अपने मोबाइल खो चुके लोगों ने उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन फोन वापस मिलते ही उनके चेहरों पर खुशी लौट आई और पुलिस पर भरोसा और मजबूत हुआ.**

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन 4 दिशेष अग्रवाल ने बताया कि पुलिस की टीम ने आधुनिक तकनीक की मदद से गुम हुए मोबाइल फोन की तलाश की. जांच के दौरान सभी 13 मोबाइल अलग-अलग स्थानों पर चालू मिले, जिन्हें ट्रैक कर पुलिस ने बरामद कर लिया. इसके बाद मोबाइल मालिकों से संपर्क कर रविवार को उनके फोन सुपुर्द कर दिए. बरामद मोबाइल में रेडमी, सैमसंग, ओप्पो, वीवो, रियलमी और वन प्लस कंपनियों के महंगे फोन शामिल हैं.

ये मोबाइल रैली, जुलूस, जलसे और यात्रा के दौरान गुम हुए थे, जिनकी वापसी की उम्मीद लोगों ने लगभग छोड़ दी थी. मोबाइल वापस मिलने पर मालिकों ने भंवरकुआ थाना प्रभारी और पुलिस टीम की सराहना की. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी संतोष दूधी, उप निरीक्षक नीलमणि ठाकुर, आरक्षक शैलेंद्र विनीत और रविकांत शर्मा की सराहनीय भूमिका रही.

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस : युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश




▶ जनजागरुकता कार्यक्रम में 300 विद्यार्थियों ने ली शपथ

**नव भारत न्यूज**

इंदौर. विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड हॉस्पिटल, राऊ में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम में लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया और नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ ली. कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू व अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना रहा. संयोजन डॉ. राहुल गनावदिया और डॉ. अम्बर खान ने किया. मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक न्याय विभाग के मास्टर ट्रेनर रजत नागदा, नारकोटिक्स विंग की टीआई राधा जामोद, एसआई अजय शर्मा, अनिल कुशवाहा तथा जिला नोडल अधिकारी (ओरल हेल्थ) डॉ. पल्लवी सिंह मौजूद रहीं. कार्यक्रम में वक्ताओं ने नशे की लत के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों पर विस्तार से जानकारी दी. रजत नागदा ने बताया कि नशा व्यक्ति और उसके परिवार दोनों को प्रभावित करता है. इस दौरान टीआई राधा जामोद ने सिंथेटिक ड्रग्स के बढ़ते खतरे और उनके दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला. एसआई अजय शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि नशे की लत कई परिवारों को बर्बाद कर देती है. वहीं, डॉ. पल्लवी सिंह ने तंबाकू उत्पादों से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान और नए उत्पादों के जोखिमों के बारे में जानकारी दी.

### नशामुक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण कदम...

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थितियों, नशे से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जागरूक किया. अंत में सभी प्रतिभागियों को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई. आयोजकों के अनुसार यह पहल युवाओं में जागरूकता बढ़ाने और नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है.

## विषाद को प्रसाद में बदल देता है भागवत का श्रवण : पं. मुखिया

▶ दशा नीमा समाज की धर्मशाला भवन पर ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



**इंदौर.** सत्संग में आने का मौका हर किसी को नहीं मिलता. भागवत श्रवण से हमारा दुख विषाद से प्रसाद बन जाता है, जबकि सुख पाकर व्यक्ति अभिमानी बन जाता है. भगवान से कुछ मांगना ही है तो उनकी कृपा, करूणा, दया और प्रेम मांगें. भगवान के प्रति श्रद्धा, आस्था तभी बढ़ेगी, जब हम दुखी रहेंगे. भागवत कथा जीवन की व्यथाओं से मुक्ति प्रदान करने वाली कथा है. जीवन के पाप, ताप और संताप दूर होते हैं भागवत कथा के श्रवण से। भागवत वह कल्प वृक्ष है, जिसकी छायां में भूले से भी चले जाने पर हमारे शुभ संकल्प साकार हो उठते हैं.

ये विचार हैं बुरहानपुर के प्रख्यात भागवताचार्य पं. आदित्य मुखिया के, जो उन्होंने रविवार को श्री दशा नीमा पंचायत ट्रस्ट द्वारा मालगंज चौराहा स्थित नवश्रृंगारित धर्मशाला भवन पर ट्रस्ट के हीरक जयंती महोत्सव एवं पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आयोजित भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ सत्र में व्यक्त किए। कथा शुभारंभ के पूर्व नीमा धर्मशाला से कथा स्थल तक से कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु महिला, पुरुष बैंड-बाजों की सुर लहरियों पर थिरकते हुए शामिल हुए. महिलाओं ने सिर पर कलश एवं श्रीफल रखकर भागवतजी का पूजन किया. यात्रा में भजन और गरबा मंडलिया भी आकर्षण का केंद्र बनी रही. वरिष्ठ ट्रस्टी पूर्व पार्षद महेश नीमा गामा ने बताया कि चिलचिलाती धूप में भी मातृशक्तियां नंगे पैर चल रही थी। पुरुष हाथों में भगवा पताका लिए चल रहे थे। पं. मुखिया भी कलश यात्रा में एक सुसज्जित बग्घी में भागवतजी सहित विराजित थे, मार्ग में अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया. यात्रा धर्मशाला से प्रारंभ होकर इतवारिया, नरसिंह बाजार, लोधीपुरा होते हुए पुन: कथा स्थल पहुंची, जहाँ ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष सत्यनारायण नीमा, मंत्री कमल नीमा, राजेंद्र नीमा, अनिल एन नीमा, अजय नीमा, अनिल के नीमा, सतीश नीमा मालक, गिरधर गोपाल नीमा, अशोक महेश नीमा एवं शम्भू कुमार नीमा सहित समाज की विभिन्न संस्थाओं की ओर से व्यास पीठ का पूजन किया. संयोजक सतीश नीमा मालक ने बताया कि सोमवार 1 जून को कुंता जी और भीष्म पितामह की स्तुति का प्रसंग होगा.



## आत्मा और परमात्मा का मिलन है कृष्ण रुक्मणी विवाह

**इंदौर.** मनुष्य का जीवन हमें केवल पशुओं की तरह व्यवहार करने के लिए नहीं, सदभाव, परमार्थ, सदभाव और सेवा, करुणा जैसे प्रकल्पों के लिए भी मिला है। भगवान अनुभूति का विषय है. भगवान की लीलाओं के दर्शन एवं श्रवण से मन के विकार दूर होते हैं। आत्मा और परमात्मा का मिलन है कृष्ण रुक्मणी विवाह. ये विचार हैं राजस्थान के प्रख्यात भागवताचार्य पं. सतीशचन्द्र शर्मा के, जो उन्होंने श्री मालवा मील अग्रवाल पंचायत की मेजबानी में वाय एन रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला पर चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में रविवार को श्रीकृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव के प्रसंग के दौरान व्यक्त किए. कथा स्थल पर विवाह का उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया. पंचायत के अध्यक्ष गोविन्द गर्ग भमोरी, मंत्री सुशील अग्रवाल, गोविन्द गोयल अलंकार ने बताया कि व्यास पीठ का पुजन समाजसेवी गणेश गोयल, अजय गोयल, कैलाश दिग्जाम, श्याम अग्रवाल जेके, मुख्य यजमान श्रीमती श्यामा-नरेश मित्तल, महेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, गिरीश खंडेलवाल, मुकेश परवाल, महेश गोयल, बाबूलाल गोयल, कैलाश अग्रवाल, अजय गोयल, सुभाष अग्रवाल, संतोष गोयल आदि ने किया. संचालन अरविन्द गोयल ने किया और आभार माना गोविन्द गोयल ने.

एक नजर में ▶ **वैचारिक मंथन में निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने दी जानकारी, प्रबुद्धजनों ने दिए अनेक सुझाव**

# शहर के 6 लाख में से आधे घरों में ही वैध नल कनेक्शन



**इंदौर. शहर में पानी के लिए मचे हाहाकार के बीच संस्था सेवा सुरभि द्वारा रविवार को सुबह साउथ तुकोगंज स्थित एक होटल के सभागृह में आयोजित विचार मंथन कार्यक्रम में जहाँ शहर के प्रबुद्धजनों ने पानी की बचत के लिए सुझावों से लेकर नर्मदा के प्रथम चरण से लेकर अब तक के अभियानों पर अपनी-अपनी बात रखी, वहीं नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने इस त्रासदी का दूसरा पहलू भी नगर निगम में दर्ज आंकड़ों की खाताबही के हवाले से यह कहते हुए उजागर किया कि शहर में पेयजल का संकट नहीं बल्कि समस्या उसके वितरण व्यवस्था की है.**

उन्होंने बताया कि शहर में रोजाना करीब 400 एमएलडी पानी आने के बावजूद कुल 6 लाख से अधिक घरों में से केवल 2 लाख 99 हजार घरों में ही वैध जल कनेक्शन है. बहुत से लोगों ने एक हजार वर्गफीट वाले प्लाट पर बहुमंजिले भवन बना रखे हैं जहाँ पहले 5 लोगों के परिवार को पानी की जरूरत थी वहां अब 25 से 30 लोग रह रहे हैं. इस स्थिति में उन्हें भी टैंकर की जरूरत महसूस होने लगी है. स्थिति यह है कि नर्मदा का पानी जलूद से शहर में लाने पर जो खर्च हो रहा है, उसका पांचवा हिस्सा भी नगर निगम के खजाने में जमा नहीं हो पा रहा है. शहर में पानी वितरण पर निगरानी रखने के लिए तकनीकी स्टाफ बहुत कम है. तकनीकी स्टाफ की कमी के कारण भी किसी एक संस्था के भरोसे नहीं रहा जा सकता, इसलिए जल संकट के इस दौर में आम नागरिकों का भी दायित्व है कि वे पानी बचाने का प्रयास करें। अब ग्रीष्म काल में पानी बचाने के लिए एक अभियान चलाने की जरूरत है। संस्था सेवा सुरभि द्वारा आयोजित इस वैचारिक मंथन में भोपाल से आए सर्वोदय कार्यकर्ता और विचारक राकेश दीवान, वरिष्ठ अभिभाषक अनिल त्रिवेदी, पर्यावरणविद ओपी जोशी, डॉ. एसएल गर्ग, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविन्द तिवारी ने प्रारम्भ में तुलसी के पौधे को जल समर्पित कर इस चर्चा का शुभारंभ किया. इस मौके पर संस्था से जुड़े पर्यावरण संबंधी विषयों पर लिखने वाले कुमार सिद्धार्थ को नागपुर में आयोजित अंतर्राष्टीय कांफ्रेंस में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के हाथों सम्मानित होने पर संस्था की ओर से भी सम्मानित किया गया. कलाकर्मी संजय पटेल, भूगर्भ जल विशेषज्ञ डॉ. सुधीन्द्र मोहन शर्मा, वीरेन्द्र गोयल, वीके गुप्ता एवं सेवा सुरभि के संयोजक ओमप्रकाश नरेडा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया.

### पानी का कम से कम दुरूपयोग हो

चर्चा की शुरुआत राकेश दीवान ने यह कहते हुए की कि हम पेड़ कितने ही लगा लें, जंगल नहीं बसा सकते.. भूगर्भ जल विशेषज्ञ डॉ. सुधीन्द्र मोहन शर्मा ने कहा कि हम ऐसे गिने-चुने शहरों में हैं जहाँ कोई नदी नहीं है. पानी से जुड़े अलग-अलग तरह के संकट हमारे सामने आते जा रहे हैं. वाटर रिचार्जिंग की मोनिटरिंग के साथ ही हमें अपनी पानी की जरूरतों को भी कैसे कम करना है यह चिंतन भी जरुरी है. औद्योगिक संगठन पीथमपुर के अध्यक्ष गौतम कोठारी ने पीथमपुर की जल समस्या पर ध्यानाकर्षण करते हुए कहा कि घरों में पानी का कम से कम दुरुपयोग हो इसका भी ध्यान रखना होगा। पर्यावरणविद दिलीप वाघेला ने अनेक सुझाव देते हुए कहा कि सरकारी दफ्तरों और भवनों की छतों पर जल पुर्नभरण की व्यवस्था अनिवार्य होना चाहिए। बाग-बगीचों में भी वाटर रिचार्जिंग व्यवस्था होना चाहिए.